# पीलीभीत टाइगर रिज़र्व से भटककर आया तेंदुआ

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में वन अधिकारियों ने एक **तेंदुए** को पकड़ लिया जो उत्तर प्रदेश के पीलीभीत ज़िले के पास के **पीलीभीत टाइगर रिज़र्व** से भटककर अलीगंज गाँव में आ गया था।

## मुख्य बिंदु:

- **पीलीभीत टाइगर रिज़र्व** उत्तर प्रदेश के तीन ज़िलों-पीलीभीत, लखीमपुर खीरी और बहराईच में फैला हुआ है।
- इसका क्षेत्रफल 700 वर्ग किमी. से अधिक है और यह तेंदुओं व **बाघों** सहित विभिन्न प्रकार के जंगली जानवरों का निवास स्थल है।
- यह **ऊपरी गंगा के मैदान में तराई आर्क लैंडस्केप** का हिस्सा है।
- रिज़र्व का **उत्तरी किनारा** **भारत-नेपाल सीमा** पर स्थित है जबकि **दक्षिणी सीमा शारदा और खकरा नदी द्वारा चिह्नित है।**

## तेंदुए

- **वैज्ञानिक नाम:** पेंथेरा पार्डस
- **परिचय:**
  - पैंथेरा जीनस के सबसे छोटे सदस्य के रूप में **बाघ, शेर** (पैंथेरा लियो), **जगुआर**, **तेंदुए** तथा **हिम तेंदुए** आदि शामिल हैं, तेंदुए विभिन्न प्रकार के वातावरणों के लिये अपनी अनुकूलन क्षमता के लिये प्रसिद्ध है।
  - यह एक **रात्रिचर जानवर** है जो जंगली सूअर, हॉग हिरण एवं चीतल सहित अपने क्षेत्र में छोटे शाकाहारी जानवरों को खाता है।
  - तेंदुओं में मेलेनिज़्म एक आम घटना है, जिसमें जानवर की पूरी त्वचा काले रंग की होती है, जिसमें उसके धब्बे भी शामिल हैं।
  - मेलेनिस्टिक तेंदुए को प्राय: **ब्लैक पैंथर** कहा जाता है और गलती से इसे एक अलग प्रजाति मान लिया जाता है।
- **प्राकृतिक आवास:**
  - यह **उप-सहारा अफ्रीका** में पश्चिमी और मध्य एशिया के छोटे हिस्सों एवं भारतीय उपमहाद्वीप से लेकर दक्षिण-पूर्व तथा पूर्वी एशिया तक विस्तृत क्षेत्र में पाया जाता है।
  - **भारतीय तेंदुआ (पेंथेरा पार्डस फुस्का)** भारतीय उपमहाद्वीप में व्यापक रूप से पाया जाने वाला तेंदुआ है।
- **खतरा:**
  - खाल एवं शरीर के अंगों के अवैध व्यापार के लिये अवैध शिकार।
  - पर्यावास हानि एवं विखंडन
  - मानव-तेंदुआ संघर्ष
- **संरक्षण की स्थिति:**
  - **IUCN रेड लिस्ट: सुभेद्य**
  - **CITES: परिशिष्ट-I**
  - **भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972: अनुसूची-I**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/leopard-srayed-from-pilibhit-tiger-reserve